समाचार

कर्मचारी संघ की बैठक 28 दिसम्बर को साकेत में

(07 जनवरी के वनभोज कार्यक्रम पर किया जाएगा विचार विमर्श)

कोरबा 27 दिसम्बर 2017 –छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ नगर पालिक निगम कोरबा इकाई की एक बैठक 28 दिसम्बर को शाम 5 बजे साकेत भवन के द्वितीय तय स्थित सभाहाल में आहूत की गई है, उक्त बैठक में महासंघ द्वारा 07 जनवरी को आयोजित वनभोज कार्यक्रम के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा।

छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अरूण मिश्रा व कार्यकारी अध्यक्ष आनंद दुबे ने बताया कि महासंघ की निगम इकाई की बैठक 28 दिसम्बर को निगम कार्यालय साकेत में आयोजित की गई है, बैठक शाम 5 बजे होगी। उन्होने बताया कि 07 जनवरी 2018 रविवार को महासंघ द्वारा वनभोज का आयोजन किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है, उक्त बैठक में प्रमुख रूप से इसी आयोजन पर विचार विमर्श व चर्चा की जाएगी, कर्मचारी नेताओं ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे इस बैठक में अपनी अनिवार्य उपस्थिति प्रदान करें, ताकि वनभोज कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा सके।